Date :- 13-12-2024

Dainik Bhaskar, Page-02, Surat

एयरपोर्ट जैसी होगी सुविधाएं • सिटको के डीजीएम ने काम का निरीक्षण किया

# MMTH प्रोजेक्ट 2026 तक पूरा होगा, 3 स्काई वॉक से जुड़ेंगे मेट्रो, बस व रेलवे स्टेशन

ट्रांसपोर्ट रिपोर्टर | सूरत

सूरत रेलवे स्टेशन को एयरपोर्ट की तर्ज पर विकसित करने के लिए एमएमटीएच प्रोजेक्ट का काम तेज रफ्तार से चल रहा है। काम की प्रगति को देखने के लिए गुरुवार को एमएमटीएच प्रोजेक्ट को साकार कर रही एसआईटीसीओ (सिटको) के डीजीएम जितिन शाह सूरत स्टेशन पहुंचे। जितिन शाह ने बताया कि यह परियोजना सूरत रेलवे स्टेशन की कनेक्टिविटी और यात्री सुविधा को एक नई दिशा देगी। हालांकि अभी प्लेटफॉर्म पर ब्लॉक लेने पर रेलवे बोर्ड से मंजूरी मिलने के बाद ही निर्णय लिया जाएगा। इस परियोजना की लागत में रेलवे मंत्रालय का योगदान 63%, राज्य सरकार का 24% और सूरत मनपा का 3% है। 2026 के अंत तक परियोजना को पूरा करने का लक्ष्य है।

### एमएमटीएच में ये सुविधाएं होंगी

- स्टेशन से नए पूर्व-पश्चिम मार्ग
- पैसेंजर इंटरचेंज प्लाजा
- बीआरटीएस/सिटी बस टर्मिनल
- मेट्रो ट्रेन की सुविधा
- पार्किंग जोन
- मनोरंजन क्षेत्र
- व्यावसायिक भवन
- एलिवेटेड कॉरिडोर
- स्काई वॉक
- कॉनकोर्स